## Chapter – 4

# MP Online क्या है? MPOnline portal और सर्विसेज की पूरी जानकारी

आज के लेख में MP Online **क्या है और इसकी** services के बारे में जानेंगे – एमपी ऑनलाइन सरकारी सेवाओं को नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का एक सरल और सुरक्षित तरीका है| एमपी ऑनलाइन मध्य प्रदेश सरकार की ई गवर्नेंस की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों की सेवाओं को सीधे आम नागरिकों को घर बैठे उपलब्ध कराना है.

## MP Online क्या है (What is MPOnline in Hindi)

एमपी ऑनलाइन लिमिटेड (MP Online Limited) मध्य प्रदेश सरकार एवं टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (TCS) लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम है. विभिन्न सरकारी विभागों की सेवाओं को नागरिकों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने जुलाई 2006 में एमपी ऑनलाइन लिमिटेड पोर्टल का गठन किया था तब से मध्य प्रदेश सरकार प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सेवाएं ऑनलाइन प्रदान कर रही है.

एमपी ऑनलाइन मध्य प्रदेश के सभी 51 जिलों की 350 से भी अधिक तहसीलों में 28 हजार से अधिक सेवाएं कियोस्क/CSC के माध्यम से ऑनलाइन प्रदान कर रहा है. एमपी ऑनलाइन विभिन्न सरकारी सेवाओं जैसे मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के लिए प्रवेश प्रक्रिया, धार्मिक स्थानों के लिए दान, मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय पार्कों में भ्रमण हेतु ऑनलाइन टिकट बुकिंग (Online Ticket Booking), बिल भुगतान सुविधा (Bill Payment), विभिन्न सरकारी विभागों में भर्ती हेतु आवेदन एवं ऑनलाइन परीक्षा प्रक्रिया (Online Exam Application Form) सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग (Exam counselling mponline) जैसी सेवाएं प्रदान कर रहा है.

एमपी ऑनलाइन एक सिटीजन सर्विस पोर्टल (**Citizen Services Portal**) है जो मध्य प्रदेश राज्य में पब्लिक सर्विस मैं सुधार करने के लिए सूचना तथा कम्युनिकेशन तकनीक का उपयोग करता है. **MPOnline Portal** का उद्देश्य नागरिकों तथा बिजनेस की आवश्यकताओं को समय पर पूरा करना है. नागरिक केवल एक क्लिक के माध्यम से विभिन्न प्रकार की सेवाओं को एक्सेस कर सकते हैं, एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर उपस्थित ऑनलाइन सेवाओं को नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का सरल उपाय कियोस्क है.

सामान्यतः कियोस्क शहरी क्षेत्र में स्थित दुकान, ऑफिस, इंटरनेट कैफे ही होता है जो एमपी ऑनलाइन लिमिटेड के साथ नागरिकों को ऑनलाइन सेवाएं प्रदान कराने के लिए एक अनुबंध के तहत अधिकृत किया जाता है. कियोस्क आवंटन के लिए इस प्रकार के व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी बंधु नियमानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. नागरिकों को ऑनलाइन सेवा प्रदान कराने पर कियोस्क संचालक को प्रत्येक ऑनलाइन सेवा के लिए निर्धारित सेवा शुल्क प्रदान किया जाता है. इस सेवा शुल्क का निर्धारण सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी, मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित सेवा शुल्क निर्धारण समिति द्वारा किया जाता है.

## भारतीय सरकार का mygov.in


MyGov (मेरी सरकार) भारतीय सरकार द्वारा निर्मित सिटीजन प्लेटफार्म है. जिसका उद्देश्य देश की गवर्नेंस तथा विकास में भारतीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाना है. इस वेबसाइट को 26 जुलाई 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लांच किया गया था| प्रथम बार सरकार द्वारा ऐसी पहल की गई थी जिसमें बड़ी संख्या में आम भारतीय नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा दिया गया था. MyGov का उद्देश्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करके आम नागरिक और सरकार को करीब लाना है इसके लिए विशेषज्ञ तथा आम नागरिकों के मध्य विचारों के आदान-प्रदान के लिए इंटरफ़ेस का निर्माण किया गया है जिसका एकमात्र उद्देश्य भारत की सोशल तथा इकोनामिक स्थिति में योगदान देना है.

## Mygov.in Registration

सरकार का उद्देश्य नागरिकों के विचारों, सुझाव तथा छोटे स्तर पर योगदान के द्वारा सुशासन की दिशा में नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है. इस प्लेटफार्म के माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न नागरिक विभिन्न नीतियों, कार्यक्रमों,योजनाओं आदि से संबंधित क्षेत्रों के बारे में अपने विचार और सुझाव को सरकार के साथ शेयर कर सकते हैं.

MyGov पर अपने विचार शेयर करने के लिए विभिन्न फोकस समूह उपलब्ध है जहां नागरिक विशेष समूह से संबंधित विभिन्न कार्यों, चर्चाओं, चुनाव, वार्ता और ब्लॉक के माध्यम से अपनी रुचि के कार्य को शेयर कर सकते हैं

- Mygov से जुड़ने के लिए mygov.in वेबसाइट ओपन करें|
- इसके बाद Register पर क्लिक करें|
- आपको एक फॉर्म दिखाई देगा उसमे आपको अपना नाम ईमेल आईडी जैसी व्यक्तिगत सूचनाएं एंटर करनी होंगी|




- इसके साथ आप अपने विशेष कौशल और जिन मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं उनका भी उल्लेख करें|
- mygov प्लेटफॉर्म के अंतर्गत आप निम्न गतिविधियों का हिस्सा बन सकते हैं|
- समूह (Group)
- कार्य (Do)
- चर्चा (Discus)
- जनमत (Poll/Survey)
- ब्लॉग (Blog)
- वार्ता (Talk)

इस तरह से Online Registration कर सकते है।

## सरकार द्वारा प्रदान की गई अन्य सेवाएँ –

- UIDAI and Aadhar
- SAMADHAAN Portal
- Digital Signature

## ई गवर्नेंस मोबाइल एप्प

- Digital Locker
- Digital Library
- UMANG App
- BHIM App

## निष्कर्ष: MPOnline क्या है

आज के आर्टिकल में आपको MP Online क्या है और इसकी services के बारे में बताया। आशा करते है की ये लेख पसंद आया अगर इस से जुड़ा कोई सवाल हो तो कमेंट कर के बताये।